p>

Title: Request to construct underpass on Mandi Road railway crossing near Pukhraya railway station in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): धन्यवाद सभापति महोदय।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गौंटा-भोगनीपुर के अंतर्गत तीन जिले झांसी, जालौन और कानपुर देहात आते हैं। कानपुर देहात में पुखरायां रेलवे स्टेशन है जोकि उत्तर मध्य रेलवे झांसी डिविजन के अंतर्गत आता है। यहाँ स्टेशन के पास बनी मंडी रोड रेल क्रासिंग पर अंडरपास के अभाव में दिन भर सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। कृषि उत्पादन मंडी समिति पुखरायां, ग्राम पंचाक्त पुखरायां देहात की सीमा में बनी हुई है। मंडी समिति क्रासिंग के दूसरी ओर है। गेट नंबर
205 पर बनी मंडी रेल क्रॉसिंग से होकर लोग हाट बाजार तक आते- जाते हैं। भोगनीपुर तहसील में कानपुर-झांसी रेल मार्ग के पश्चिमी दिशा की ओर स्थित अधिकांश गांवों के लोगों को कृषि उत्पादन मंडी समिति जाने के लिए इसी रेल क्रासिंग से गुजरना पड़ता है। ग्राम पंचायत पुखरायां देहात, चौकी, चकचालपुर, अस्तिया, उमरिया, परहेरापुर, लवरसी, कछगांव, बउआ आदि गांवों के लोगों को पुखरायां कस्बा आने के लिए भी रेल क्रासिंग का प्रयोग करना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत साप्ताहिक बाजार वाले दिन बुधवार व शनिवार को होती है। भीड़-भाड़ अधिक होने से जब क्रासिंग खुलती है तो वाहनों के आपस में उलझने से जाम लग जाता है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि पुखरायां रेलवे स्टेशन के पास बनी मंडी रोड रेल क्रॉसिंग पर अंडरपास बना दिया जाये जिससे कि उस क्षेत्र के लोगों को हो रही रही समस्याओं से निजात मिल सके। धन्यवाद।